CBSE कक्षा 9 हिंदी-A कृतिका
पाठ-3 रीढ़ की हड्डी
पुनरावृत्ति नोट्स

महत्त्वपूर्ण बिन्दु-

इस एकाँकी के माध्यम से लेखक ने समाज में स्त्रियों के प्रति व्याप्त रूढ़िवादी मानसिकता पर प्रहार करते हुए स्त्रियों की शिक्षा एवं उससे उत्पन्न उनके आत्मविश्वास और साहस को दर्शाया है।

1. कथानक के प्रारम्भ से ऐसा प्रतीत होता है कि घर के स्वामी रामस्वरूप किसी आयोजन की तैयारी में व्यस्त हैं।आज उनकी बेटी उमा को देखने लड़के वाले आ रहे हैं,उमा पढ़ी-लिखी,सादा जीवन और उच्च विचारों वाली लड़की है,लेकिन उसके पिता जी उसके पढे-लिखे होने की बात लड़के वालों से छिपाना चाहते हैं ताकि हाथ में आया रिश्ता निकल न जाए। वे अपनी पत्नी प्रेमा से कहते है कि उमा को पाउडर वगैरह लगा कर सजा-धजा कर भेजना लेकिन उमा इसके लिए तैयार नहीं होती है और प्रेमा इस बात को न मानने का कारण उसका पढ़ा-लिखा होना मानती है रामस्वरूप पढ़ाई-लिखाई के अलावा उसका गाना,बजाना,पेंटिग आदि का प्रदर्शन लड़के वालों के सामने करने के लिए तैयार रहते है ताकि लड़के वाले शादी के लिए मान जाए।
2. दक़ियानूसी ख्यालों वाले,पेशे से वकील गोपाल प्रसाद अपने बेटे शंकर के साथ रामस्वरूप के घर पहुँच जाते हैं,जिन्हें पढ़ी-लिखी लड़की नहीं चाहिए । जो विवाह को बिजनेस भी मानते हैं। उनका बेटा शंकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है जो पढ़ाई के साथ-साथ चरित्र का भी कमजोर है । वह सिर्फ अपने पिता की हाँ में हाँ मिलाता रहता है और उसकी कमर भी झुकी हुई है। उनके अनुसार औरते सिर्फ घर-गृहस्थी संभालने के लिए ही होती हैं जबकि मर्द को ही पढ़-लिख कर काबिल बनने का अधिकार होता है।दोनों अपने जमाने की बातें करते हुये स्वयं को वर्तमान पीढ़ी से श्रेष्ठ सिद्ध करने का प्रयास करते हैं।
3. लड़के वालों के सामने सोने की रिम वाला चश्मा लगाए जब उमा का आगमन होता है तब चश्मा देखते ही पिता-पुत्र चौंक उठते हैं । उन्हें संदेह होता है कि पढ़ाई-लिखाई के कारण उमा के चश्मा लगा है लेकिन रामस्वरूप स्पष्ट करते हैं कि आँखों में दुखनी आने के कारण ही चश्मा लगा है । गोपालप्रसाद हर दृष्टिकोण से उमा को परखते हैं और उससे कुछ बोलने को कहते हैं तब उमा कहती है क्या लड़कियों के दिल नहीं होता,उनको चोट नहीं लगती। इस तरह का जवाब सुनकर गोपालप्रसाद गुस्सा हो जाते हैं और कहते है कि आपने हमारी बेइज्जती करने के लिए बुलाया है इस बात पर उमा शंकर की पोल सबके सामने खोल देती है कि किस प्रकार वह लड़कियों के हास्टल के आस-पास चक्कर लगते हुए पकड़ा गया था और नौकरानी के पैरों पड़ना पड़ा था।
4. उमा उन्हे बताती है कि वह बी० ए० पास है,ये सुनकर लड़के वाले यह कहते हुए चले जाते हैं कि लड़की वालों ने झूठ बोला है। उमा यह कहती है कि उनके बेटे की बैकबोन नहीं है और इसी के साथ एकाँकी की समाप्ति हो जाती है।

Material downloaded from myCBSEguide.com.